भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1091
गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानों के संचालन में कोहरे का प्रभाव

1091. श्रीमती साजदा अहमदः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशेष रूप से कोहरे के कारण दिल्ली विमानपत्तन पर उड़ान कुप्रबंधन पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) दिल्ली विमानपत्तन पर जनवरी माह के दौरान विमान संचालन पर कोहरे के प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ग) दिल्ली और अन्य प्रमुख विमानपत्तनों पर उड़ानों पर कोहरे के प्रभाव को कम करने के लिए उपलब्ध विशिष्ट प्रक्रियाओं या प्रौद्योगिकियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को दिल्ली विमानपत्तन पर संकटग्रस्त यात्रियों के मामले में विमानपत्तन के अधिकारियों और एयरलाइंस के बीच समन्वय में कमी की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख) दिल्ली में गंभीर कोहरे/शीत लहर की स्थिति के कारण जनवरी, 2024 में उड़ान परिचालन प्रभावित हुआ, जिसके कारण उड़ानों में देरी हुई और उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

(ग) डीजीसीए ने विनियम जारी किए हैं, जो प्रचालकों को यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करते हैं कि सभी उड़ान चालक दल के सदस्यों को टेक-ऑफ, उपकरण की जानकारी और परिचालन के लिए लागू न्यूनतम सीएटी-I/II/III सीमा तक योग्य होना चाहिए।

आईजीआई हवाईअड्डा दिल्ली पर कैट IIIबी दृश्यता स्थितियों तक विमान के परिचालन के लिए कम दृश्यता प्रक्रियाएं (एलवीपी) और एआईपी अनुपूरक के माध्यम से अधिसूचित और समय-समय पर अद्यतन की गई हैं, उनका परिचालन हो रहा है।

भारत में कुल छह हवाईअड्डे हैं जहां दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, अमृतसर, बेंगलुरु और कोलकाता में रनवे को कैट III (कम दृश्यता) परिचालन के लिए प्रमाणित किया गया है।

(घ) डीजीसीए ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक मेट्रो हवाईअड्डे पर एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष (वॉर रूम) सक्रिय करें, जिसमें शीर्ष प्रबंधक हों, जो त्वरित निर्णय लेने और किसी भी यात्री की शिकायतों सहित किसी भी अप्रत्याशित गतिविधि से कम से कम समय में निपटने के लिए अधिकृत हों और विमान की इष्टतम आवाजाही के लिए तत्काल कदम उठाएं और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय में प्रभावित यात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें।

******